हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 28 जनवरी 2026

11 सप्ताह में पांच दिन काम लागू करने की मांग को लेकर हड़ताल



12 भारत दुनिया में अपनी पहचान बनाने में सफल रहा : कृष्ण मिढ़ा



## खबर संक्षेप

### बिना लाइसेंस शराब रखने वाला युवक काबू

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने एक युवक को बिना लाइसेंस शराब रखने के आरोप में काबू किया है। आरोपी युवक की पहचान सुनील पुत्र गोकुल, निवासी करणी माता मंदिर, भट्टूकलां के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान जांगडा सर्विस स्टेशन के पास एक व्यक्ति संदिग्ध व्यवहार करता दिखा। तलाशी लेने पर उसके पास कट्टा प्लास्टिक में 15 बोतल शराब बरामद हुई।

### पाली ढाबा के पास हेरोइन सहित युवक पकड़ा

**फतेहाबाद।** एएनसी सेल फतेहाबाद ने एक युवक को हेरोइन तस्करी के आरोप में काबू किया। एएनसी सेल प्रभारी निरीक्षक यादवेंद्र ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान पाली ढाबा के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। आरोपी की पहचान हसनखान पुत्र मोहम्मददीन निवासी मुखर्जी कॉलोनी, हनुमानगढ़ टाउन, राजस्थान के रूप में हुई।

### गर्भपात के लिए दबाव बनाने वाला आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** घरेलू हिंसा और गर्भपात के लिए महिला पर दबाव बनाने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए जाखल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान राम पुत्र मनोज कुमार निवासी कैमरी रोड, आनंद विहार कॉलोनी, हिसार के रूप में हुई है। जाखल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि महिला शिकायतकर्ता ने कहा कि आरोपी और उसके परिवार ने उसके साथ मारपीट की और गर्भपात करवाने के लिए दबाव बनाया।

## पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जिले में हुई बारिश और ओलावृष्टि

# बारिश से फसलों को फायदा ओलों से नुकसान का अंदेशा

*तेज व ठंडी हवाएं चलने से दिनभर छूटती रही कंपकपी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते मंगलवार अलसुबह बादलों की गड़गडाहट के बीच तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश का दौर रूक-रूक कर दिनभर चलता रहा। पूरा दिन यहां बादल छाए रहे। तेज ठंडी हवाएं चलने से दिनभर कंपकपी छूटती रही। फतेहाबाद जिले के भूना के गांव दहमन, नहला, ढाणी छतरियां, ढाणी ढाका, भट्टू के शेखुपुर दड़ौली, सालमखेड़ा सहित कई गांवों में ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग ने 28 जनवरी को भी बादल छाये रहने और तज हवाएं चलने की संभावना जताई है। आज की बारिश गेहूं के लिए वरदान मानी जा रही है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह बारिश और ठंडा मौसम गेहूं, सरसों समेत सभी फसलों के लिए लाभदायक है। बारिश रुक-रुक कर हो रही है, यह और भी अच्छा है। इससे फसल की पैदावार अच्छी होगी। मौसम विभाग ने 27 व 28 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बारिश की संभावना जता रखी थी। मंगलवार अलसुबह बारिश हुई और उसके बाद यहां दिनभर बादल छाए रहे। शीत लहर के चलते पूरा दिन फतेहाबाद ठंड की आगोश में रहा। हालांकि आसमान से बरसा पानी अमृत के समान था। बादलवाइ से तापमान में 2 डिग्री ओर गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आज भी फतेहाबाद सहित प्रदेश के 10 जिलों में कोल्ड डे का ओरेंज अलर्ट जारी किया हुआ था। हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि प्रदेश में 28 जनवरी तक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा जिस कारण हलकी बारिश व हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान अलसुबह व रात्रि धुंध भी पड़ सकती है। मौसम विभाग ने हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, फतेहाबाद और सिरसा में कोल्ड वेव (शीतलहर) को लेकर चेतावनी जारी की है। सुबह से ही इन इलाकों में ठंडी हवाएं चल रही हैं। इन जिलों में रात और सुबह के समय ठंड ज्यादा असर दिखा सकती है। साथ ही, जिन इलाकों में बारिश की संभावना है वहां तेज हवाओं और गरज-चमक का भी असर देखा जा सकता है।

**अलसुबह व रात्रि धुंध की भी संभावना**



भूना। क्षेत्र के गांवों में हुई ओलावृष्टि। *फोटो : हरिभूमि*





### गेहूं-सरसों के लिए लाभदायक है बारिश

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह बारिश और ठंडा मौसम गेहूं, सरसों समेत सभी फसलों के लिए लाभदायक है। बारिश रुक-रुक कर हो रही है, यह और भी अच्छा है। इससे फसल की पैदावार अच्छी होगी। सरसों की फलियां बन रही हैं, वह अच्छी बनेगी, क्योंकि इस समय बारिश की जरूरत थी। गेहूं में भी बालियां निकलने का समय है। हल्की बारिश से पूरे प्रदेश में गेहूं का उत्पादन भी बढ़ेगा। हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेहूं विशेषज्ञ डॉ. ओपी बिश्नोई ने बताया कि ओलावृष्टि से गेहूं को अभी कोई खास नुकसान नहीं पहुंचेगा, क्योंकि अभी गेहूं के पौधे में बालियां नहीं आई हैं। अगर बालियां निकलने के बाद ओले गिरते तो नुकसान बढ़ सकता था।

### बुजुर्गों-बच्चों का रखें ध्यान

लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा है। डॉक्टरों का भी कहना है कि इस दौरान बुजुर्ग व्यक्तियों एवं नवजात शिशुओं का इस मौसम में विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्हें घर से बाहर जाने की स्थिति में अपने पैर, सिर और कानों को अच्छी तरह से ढक कर निकलें। ज्यादा समय तक ठंड में रहने से फ्लू, नाक बहना या बंद नाक जैसी समस्या हो सकती है। इसके लिए तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

#### पशुओं की देखभाल का विशेष ध्यान रखें

पशुपालन विभाग के उपनिदेशक का कहना है कि सर्दियों में पशुओं के खाने पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। सर्दियों में ठंडा पानी होने से पशु कम पानी पीते हैं, इससे उनमें पानी की कमी हो जाती है। इससे दूध में गिरावट हो सकती है। पशुओं को गुनगुना पानी देना चाहिए। सर्दियों में पशुओं के शारीरिक रखरखाव के लिए राशन में सामान्य से 0.8 प्रतिशत अतिरिक्त ऊर्जा से भरपूर खाना देना चाहिए। पशुओं के दूध में फैट बढ़ाने के लिए चारे में करीब 17 प्रतिशत फाइबर (हरा व सुखा चारा) शामिल करें। संतुलित आहर के लिए 40 से 45 प्रतिशत खल, 30 से 35 प्रतिशत चोकर, 2 प्रतिशत खनिज और एक प्रतिशत सामान्य नमक देना चाहिए।



टोहाना। कुलां में प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते किसान।

# किसानों ने निकाला रोष मार्च स्मार्ट मीटरों की प्रतियां फूंकी

- ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की गिरदावरी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶भट्टू/भूना/टोहाना

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान के तहत किसानों द्वारा जिलेभर में केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया। मोटरसाइकिल और गाड़ियों के काफिले के साथ किसानों ने अपनी मांगों को लेकर रोष मार्च निकाला। भूना में यह विरोध मार्च बिजली घर के पास स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद भवन, किसान सभा कार्यालय से शुरू हुआ। किसानों का यह जत्था हाथों में झंडे लिए पुराने बाजार और खैरी चौक से होते हुए तहसील परिसर पहुंचा। पूरे रास्ते में किसान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। तहसील पहुंचकर किसानों ने अपना रोष प्रकट करते हुए स्मार्ट मीटरों और बिजली बिलों की प्रतियों को आग के हवाले कर दिया। किसान नेताओं ने मंगलवार को क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की तुरंत गिरदावरी करवाने की मांग की है।

#### किया प्रदर्शन

टोहाना के कुलां में किसानों, मजदूरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल मार्च कर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। कुलां में विभिन्न सडक मार्गो से होते हुए किसान गांव धारसूल पहुंचे, जहां शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माला अर्पण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान किसान सभा के जिला उपप्रधान जगतार सिंह , तहसील प्रधान अमर सिंह तलवाड़ा, सचिव केवल सिंह रत्ताथेह व कोषाध्यक्ष बलविंद्र सिंह धारसूल ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार निरंतर कॉरपोरेट के हितों को साधने के लिए किसान, मजदूरों को उनका गुलाम बनाने की नीतियों पर कार्य कर रही है।

## रामदेवरा से रामसरा पहुंची बाबा रामदेव की चांदी की मूर्ति, भंडारा व मेला आज

**फतेहाबाद।** राजस्थान के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल रामदेवरा से भक्तजन पैदल यात्रा कर बाबा रामदेव जी की भव्य चांदी की मूर्ति लेकर आज फतेहाबाद के प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर, रामसरा पहुंचे। इस धार्मिक यात्रा के पहुंचने पर गाँव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और श्रद्धालुओं ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। पुजारी रोहताश शर्मा के सानिध्य में यह पैदल यात्रा 23 जनवरी को सुबह 6:15 बजे रामदेवरा से रवाना हुई थी। करीब चार दिनों की श्रद्धापूर्ण यात्रा के बाद, आज दोपहर 12:15 बजे यात्री मूर्ति लेकर मंदिर परिसर पहुंचे। 28 जनवरी बुधवार सुबह पावन हवन यज्ञ और उसके पश्चात विशाल भंडारे व मेले भी का आयोजन किया जाएगा।

# एमएसजी भंडारे के रूप में मनाया गया शाह सतनाम जी महाराज का 107वां अवतार दिवस

## संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने चलाया मानवता की सेवा का महाकुंभ





**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा की दूसरी पातशाही परम पिता शाह सतनाम जी महाराज का 107वां पवित्र अवतार दिवस रविवार को एमएसजी भंडारे के रूप में श्रद्धा, उल्लास और मानवता भलाई कार्यों के साथ भव्य रूप से मनाया गया। यह पावन आयोजन शाह सतनाम जी-शाह मस्ताना जी धाम, डेरा सच्चा सौदा सिरसा सहित देश-विदेश में फैली साध-संगत द्वारा पूरे श्रद्धाभाव से संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने ऑनलाइन गुरुकुल के माध्यम से साध-संगत से सीधा संवाद करते हुए सभी को अवतार दिवस की शुभकामनाएं दीं और मानवता भलाई कार्यों को और अधिक गति देने का संदेश दिया। पूज्य गुरु जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन साध-संगत के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन परम पिता शाह सतनाम जी महाराज ने अवतार लेकर मानवता को सही मार्ग दिखाया। इस अवसर पर पूज्य गुरु जी ने डैप्थ मुहिम के तहत नशे की दलदल में फंसे युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों को नशे से बाहर निकालकर स्वस्थ, सकारात्मक और संस्कारयुक्त जीवन अपनाने का मार्ग बताया। उन्होंने हरियाणा, पंजाब, राजस्थान सहित अन्य राज्यों के सरपंचों एवं ग्राम पंचायतों से आह्वान किया कि वे गांव स्तर पर नशे के खिलाफ प्रस्ताव पारित करें और नशा बेचने वालों का किसी भी प्रकार से सहयोग न करें। साथ ही पूज्य गुरु जी ने देश की सभी धार्मिक संस्थाओं,सामाजिक संगठनों से एकजुट होकर नशा छुड़ाओ मुहिम में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा आज समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। इसके लिए धार्मिक संस्थाओं को आगे आकर अपनी आध्यात्मिक शक्ति, संस्कारों और जन-जागरण के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना होगा। पूज्य गुरु जी ने कहा कि जब सभी धर्मो के प्रतिनिधि मिलकर मानवता के इस संकट के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे, तभी समाज को नशामुक्त बनाकर एक स्वस्थ, संस्कारवान और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव हो पाएगा और ऐसे प्रयासों से भारत से नशा अवश्य समाप्त होगा। अवतार दिवस के उपलक्ष्य में डेरा सच्चा सौदा द्वारा अनेक मानवता भलाई कार्य किए गए। पूज्य गुरु जी की ओर से गरीब कन्याओं के विवाह संपन्न कराए गए तथा प्रत्येक कन्या को एक-एक लाख रुपये का चेक और गृहस्थी का आवश्यक सामान प्रदान किया गया। वहीं सेवा महाकुंभ अभियान के तहत शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में आयोजित विशाल स्वास्थ्य जांच शिविरों में गरीब मरीजों के निःशुल्क इलाज पर आए संपूर्ण खर्च का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त समीपवर्ती गांव नेजियाखेड़ा के अति जरूरतमंद किसान प्रहलाद को उसके खेत में ट्यूबवैल लगवाने हेतु पूरे खर्च का चेक सौंपा गया तथा खेत में बनवाए गए कमरे की चाबी भी उसे दी गई। गरीब महिलाओं को स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीनें, एक जरूरतमंद दिव्यांग को इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल, नशा छोड़ने वालों को सेफ मुहिम के अंतर्गत पौष्टिक आहार किटों पर आए खर्च के चेक प्रदान किए गए। साथ ही गरीब बच्चों को कपड़े, जरूरतमंद परिवारों को राशन किटें, गर्भवती महिलाओं को विशेष पोषण किटें तथा ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण पर हुए खर्च के चेक भी सौंपे गए। इन सभी सेवा कार्यों का खर्च पूज्य गुरु जी द्वारा वहन किया गया। पूज्य गुरु जी ने स्पष्ट किया कि डेरा सच्चा सौदा में किसी प्रकार का धर्म परिवर्तन नहीं कराया जाता, बल्कि व्यक्ति जिस धर्म में है, उसी धर्म में रहते हुए ईश्वर से जुड़ने की प्रेरणा दी जाती है। ओम, हरि, अल्लाह, वाहेगुरु, गॉड, खुदा और रब्ब को पाने का मार्ग यहां बताया जाता है। उन्होंने कहा कि डेरा सच्चा सौदा ऊंच-नीच और भेदभाव को समाप्त करने का संदेश देता है।

गौरतलब है कि परम पिता शाह सतनाम जी महाराज ने 25 जनवरी 1919 को जिला सिरसा के गांव श्रीजलालआणा साहिब में पिता वरियाम सिंह जी और माता आसकौर जी के घर अवतार लिया था। डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत प्रतिवर्ष इस पावन दिन को एमएसजी भंडारे के रूप में सेवा, समर्पण और परोपकार की भावना के साथ मनाती है। पूज्य गुरु जी ने परम पिता शाह सतनाम जी महाराज के बचपन से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि संत समाज में फैली नशे रूपी सुनामी को रोकने और लोगों को राम-नाम से जोड़ने के लिए धरती पर अवतार लेते हैं।

### नशा छुड़वाकर खुशहाल बना रहे ज़िंदगियां

**संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां द्वारा 7 करोड़ 25 लाख लोगों का नशा छुड़वाया जा चुका है**



वर्तमान दौर में नशा देश की जवानी को निगलता जा रहा है। नशों की गिरफ्त में आकर असंख्य युवा अपना जीवन गंवा रहे हैं। ऐसे परिवारों की पीड़ा को समझते हुए संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां द्वारा डेप्थ मुहिम (नशा छोड़ो अभियान) के तहत देश और दुनिया में लोगों का नशा छुड़वाया जा रहा है। इतना ही नहीं, ऐसे युवाओं को सेफ मुहिम के तहत ड्राइफ्रूट सहित पौष्टिक आहार किटें भी दी जा रही हैं, ताकि ये युवा जल्दी स्वस्थ हो जाएं और इनके घरों में खुशहाली लौटे। गौरतलब है कि संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां द्वारा 7 करोड़ 25 लाख से ज्यादा लोगों का चिट्टा, हेरोइन, स्मैक, अफीम, गांजा और शराब जैसा भयानक नशा छुड़वाया जा चुका है।





गरीब व जरूरतमंद किसान के खेत में ट्यूबवैल लगवाकर व उसके साथ बनवाकर दिए कमरे की चॉबी संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने किसान को सौंपी

दिव्यांग को दी इलैक्ट्रिक ट्राइसाइकिल



### जरूरतमंदों का बने सहारा









संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने पावन एमएसजी अवतार दिवस की खुशी में जरूरतमंदों को राशन, गर्म कपड़े व कंबल, जननी सत्कार मुहिम के गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार की किटें, गरीब कन्याओं की शादियां, आत्मनिर्भर मुहिम के तहत जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें भी दी।

### निःशुल्क मेडिकल कैंप



संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की ओर से गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इन कैंपों में अब तक हजारों मरीज अपनी जांच और उपचार करवाकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं और ये सिलसिला लगातार जारी है।






मेडिकल कैंप में मेरठ के सुप्रसिद्ध डॉ. सुमित उपाध्याय अपनी सेवाएं देते हुए।

### नेपाल से आए आच्छे लाल की आँखों को मिली रोशनी



फतुहा महेशपुर, जिला रौतहट (नेपाल) निवासी आच्छे लाल को आँख की पुतली खराब होने की वजह से दिखाई नहीं देता था। जब वह डेरा सच्चा सौदा में आकर गुरु जी से मिला तो अपनी दुखभरी व्यथा सुनाई। पूज्य गुरु जी ने तुरंत शाह सतनाम जी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उसकी आँख की पुतली का ऑप्रेशन करवाया। इस ऑप्रेशन पर आया पूरा खर्च गुरु जी ने खुद अपनी ओर से वहन किया।

संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने आर्थिक रूप से कमजोर युवक की आँखों का ऑप्रेशन करवाकर उसके जीवन में खुशियों का उजियारा भरा। राजपुर नगर पलका वार्ड नंबर 2

### गरीब कन्याओं की करवाई शादियां

संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने आर्थिक तौर पर कमजोर गरीब कन्याओं की शादियां करवाई व उन्हें घर-गृहस्थी के आवश्यक सामान के साथ-साथ एक-एक लाख रूपये की आर्थिक मदद भी की।



फीचर इम्पेक्ट



## गांधी टॉक्स का ट्रेलर रिलीज, बिना बोले दमदार कहानी दिखाती है फिल्म

**मुंबई।** विजय सेतुपति की आगामी साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साइलेंट फिल्म होने के नाते ट्रेलर में एक भी डायलॉग नहीं है। लेकिन हां, एआर रहमान का संगीत ट्रेलर को रोमांचक बनाता है। । 'गांधी टॉक्स' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर आपको चार्ली चैपलिन की फिल्मों के दौर की भी याद दिलाएगा। ट्रेलर से पता चलता है कि कहानी के केंद्र में विजय सेतुपति हैं। ट्रेलर फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाता है। यह फिल्म बेरोजगार विजय सेतुपति की कहानी है, जिसे अपने घर के सामने रहने वाली पड़ोसी अदिति राव से प्यार हो जाता है। दूसरी कहानी करोड़पति अरविंद स्वामी की है, जो अपनी सारी दौलत खो देता है।

लाइफ Style

# मिमी

## स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान उत्पीड़न का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मिमी चक्रवर्ती ने एक लाइव स्टेज शो के दौरान उत्पीड़न और अपमान का आरोप लगाया है। यह घटना रविवार को बनगांव शहर के नयाग्राम इलाके में हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुई। मिमी की शिकायत के अनुसार, आयोजकों में से एक व्यक्ति तन्मय शास्त्री स्टेज पर चढ़ गया। उसने मिमी की परफॉर्मेंस को बीच में रोक दिया।

मिमी ने कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत अपमान और बुरा लगा। उन्होंने ईमेल के जरिए बनगांव पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी। दूसरी तरफ, आयोजक युवक संघ क्लब ने इन आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि मिमी तय समय से करीब एक घंटा लेट आईं। तन्मय शास्त्री ने कहा, 'कार्यक्रम की इजाजत सिर्फ आधी रात तक की थी। इलाके में छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं होने वाली हैं, इसलिए कार्यक्रम को समय पर रोकना पड़ा। हमने मिमी का अपमान नहीं किया और न ही उन्हें परेशान किया। उनके आरोप बिल्कुल गलत हैं।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मिमी के बॉडीगार्ड्स ने क्लब की महिला सदस्यों के साथ बदतमीजी की, जो रात 11:45 बजे उन्हें सम्मान देने स्टेज पर आई थीं। तन्मय शास्त्री ने आगे कहा, 'हमें पता है कि मिमी एक बड़ी स्टार हैं, लेकिन अगर हम रात 12 बजे के बाद कार्यक्रम चलाते तो पुलिस खुद आकर बंद करवा देती और हम पर केस करती। अगर मिमी को कोई गलतफहमी हुई है या उन्हें बुरा लगा है, तो हम इसके लिए माफी मांगते हैं।' पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मिमी चक्रवर्ती एक भारतीय बंगाली अभिनेत्री, गायिका और पूर्व राजनीतिज्ञ हैं।



हॉलीवुड मसाला

## अभिनेत्रियों को समझा जाता है कठपुतली



**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड में अक्सर ही अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बहस होती है। इसको लेकर कई अभिनेत्रियों ने सवाल भी उठाए हैं। लेकिन, अब 'ट्विलाइट' फेम अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा।



## लोलापलूजा इंडिया में मिले प्यार पर जताया आभार...

**मुंबई।** लोलापलूजा इंडिया 2026 की परफॉर्मेंस के दौरान भारत के लोगों ने ब्रिटिश कलाकार यंगब्लड को काफी प्यार दिया है। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर भारत के लोगों का आभार जताया है। मुंबई में लोलापलूजा इंडिया 2026 की शानदार परफॉर्मेंस के बाद यंगब्लड ने अपने सभी भारतीय फैंस को धन्यवाद दिया है। ब्रिटिश कलाकार ने लोलापलूजा इंडिया के पहले दिन अपने परफॉर्मेंस से मुंबई की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। परफॉर्मेंस के कुछ घंटों बाद, यंगब्लड ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने मुंबई शो की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी। इंस्टाग्राम पर यंगब्लड ने भारत के लोगों का आभार जताते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने फैंस से मिल रहे हैं। फैंस उन्हें गले लगा रहे हैं।



## संजय-नीना फिर बने मिस्ट्री थ्रिलर का हिस्सा

**मुंबई।** नीना गुप्ता और संजय मिश्रा की फिल्म 'वध 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस बार फिल्म में थ्रिल डबल होने वाला है। एक बार फिर से नीना और संजय मिश्रा एक हत्या को लेकर जांच के दायरे में है। साल 2022 में फिल्म वध रिलीज हुई। छोटे बजट की इस फिल्म ने दर्शकों को चौंकाया, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा है। फिल्म 'वध 2' के ट्रेलर में एक जेल गार्ड शंभूनाथ के रोल में संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह जेल की एक कैदी मंजू सिंह (नीना गुप्ता) के करीब आते हैं। दोनों के बीच एक अलग तरह का रिश्ता बनता है। लेकिन इसी बीच जेल में कैदी गायब हो जाता है। वह कैदी कहां गया? उसके गायब होने से संजय मिश्रा और नीना गुप्ता के किरदारों का क्या कनेक्शन है, यही पूरी फिल्म की कहानी है। फिल्म 'वध 2' 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## वेलकम टू... की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** बस पांच महीने का इंतजार और फिर सिनेमाघरों में होगा धमाल! जी हां, क्योंकि 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज डेट सामने आ गई है। कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म 26 जून को रिलीज होगी। 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की यह तीसरी किस्त है और काफी मजेदार होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा कई और शानदार सितारे नजर आएंगे। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के निर्देशन की कमान अहमद खान ने संभाली है। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सहित करीब 30 सितारे नजर आएंगे। रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, और दलेर मेहंदी भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

टीवी मसाला



## लाफ्टर शेफ 3 की विनर बनी कृष्णा और अली की टीम

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 3' की विनिंग टीम सामने आ चुकी है। अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, समर्थ जुरेल, जन्नत जुबैर और अभिषेक कुमार की टीम 'कांटा' ने इस शो की ट्रॉफी अपने नाम की है। कलर्स चैनल के इंस्टाग्राम पेज पर विनर्स की घोषणा की गई है। कृष्णा अभिषेक की टीम 'कांटा' की टक्कर एल्विश यादव की टीम 'छोरी' से हुई। दोनों टीमों ने अच्छा परफॉर्म किया, बढ़िया खाना बनाया। लेकिन आखिर में विजेता कृष्णा अभिषेक की टीम बनी। इस शो में कॉमेडियन भारती सिंह बतौर होस्ट नजर आती हैं। 'लाफ्टर शेफ' के पहले के दो सीजन भी काफी पॉपुलर रहे हैं। इस शो की थीम दर्शकों को पसंद आती है। प्रतियोगी या कुछ टीम बनाकर टीवी सेलेब्स कुकिंग करते हैं। इस दौरान हंसी-मजाक का खूब तड़का लगता है। इस तरह यह शो काफी मनोरंजन से भरपूर होता है। यह शो इसी वजह से टीआरपी लिस्ट में भी जगह बनाने में कई बार कामयाब हुआ है।

## 'द 50' में मनीषा और रजत की हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** जल्द ही टीवी पर एक नया रियलिटी शो 'द 50' आने वाला है। इस शो का हिस्सा सेलिब्रिटी कपल युविका चौधरी और प्रिंस नरुला बन रहे हैं। हाल ही में इंफ्लुएंसर मनीषा रानी और रजत दलाल की एंट्री भी इस शो में हुई है। दोनों ने अपना गेम प्लान बताया है। धीरे-धीरे 'द 50' रियलिटी शो के प्रतियोगियों के नाम सामने आ रहे हैं। हाल ही में एक प्रेस मीट के दौरान रजत दलाल और मनीषा रानी से शो के बारे में बात की। मनीषा रानी ने कहा, 'हम जहां खड़े हो जाते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है।'वह इस रियलिटी शो को लेकर काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। वहीं रजत दलाल ने भी कहा कि वह शो में फरमाइश नहीं करने जा रहे हैं, वह गेम खेलने जा रहे हैं। इस तरह यह दोनों ही प्रतियोगी 'द 50' रियलिटी शो को खेलने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। रजत दलाल और मनीषा रानी के अलावा फिल्म एक्ट्रेस युविका चौधरी भी 'द 50' की प्रेस मीट में नजर आईं। वह कई साल बाद किसी रियलिटी शो का हिस्सा बन रही हैं।



## 'आशिकों की कॉलोनी' में थिरकते नजर आए शाहिद, दिशा ने लगाई आग

**मुंबई।** शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म ओ रोमियो इन दिनों चर्चा में है। मंगलवार को इस फिल्म का नया गाना 'आशिकों की कॉलोनी' रिलीज हुआ। इस गाने में शाहिद कपूर और दिशा पाटनी का अंदाज पर फैंस फिदा हो गए। विशाल भारद्वाज की अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। इस फिल्म का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ है, तब से सोशल मीडिया पर 'ओ रोमियो' चर्चा का विषय है। अब इस फिल्म का नया गाना भी ट्रेंड कर रहा है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी ने आइटम डांस किया है। साथ ही शाहिद कपूर भी अपनी डांसिंग स्किल दिखाते नजर आ रहे हैं। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी के साथ शाहिद कपूर गजब का डांस कर रहे हैं। गाने में एक जगह वह माइकल जैक्सन की पॉपुलर डांस स्टेप 'मून वॉक' को करते नजर आए। डांस करते हुए शाहिद कपूर की एनर्जी देखने लायक है। इस गाने के संगीतकार



विशाल भारद्वाज हैं। गीतकार गुलजार ने इस गाने को लिखा है। गाने में मधुबंती बागची और जावेद अली की आवाज है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने के म्यूजिक अरेंजर और प्रोड्यूसर मेघदीप बोस हैं। 'ओ रोमियो'का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे।

## बैटल ऑफ गलवान के सेट पर लौटे सलमान

*सलमान खान की अपकमिंग वॉर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर पिछले साल उनके जन्मदिन, 27 दिसंबर को जारी किया गया था। इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी अनाउंसमेंट किया गया। दिसंबर में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई थी। खबरों के मुताबिक सलमान अब एक एक्स्ट्रा शूटिंग के लिए सेट पर लौट आए हैं।*

**मुंबई।** सलमान खान, निर्देशक अपूर्व लखिया और पूरी टीम फिल्म के लिए अब पैचवर्क के काम में जुट रहे हैं। इसके अलावा वे कुछ नए सीन भी जोड़ रहे हैं, जिनमें से कुछ में एक्शन सीन भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये 15 दिनों का शेड्यूल है और पैचवर्क पहले से ही तय था। खबर है कि एडिशनल शूटिंग इसलिए हुई, क्योंकि फिल्म के मेकर्स और सलमान को लगा कि ये सीन कहानी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इनसे फिल्म का प्रभाव बढ़ेगा। सलमान कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि 'बैटल ऑफ गलवान' दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव साबित हो। इसी के चलते उन्होंने एडिशनल शूटिंग के लिए सहमति दी।

फिल्ममेकर्स को पूरा भरोसा है कि फिल्म 17 अप्रैल को तय रिलीज डेट से काफी पहले तैयार हो जाएगी। वहीं, फिल्म का पहला गाना 'मातृभूमि' हाल ही में 24 जनवरी को रिलीज हुआ था। इस फिल्म में लीड रोल में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' कर्नल बिक्कुमल्ला संतोष बाबू की कहानी है और इस भूमिका को पर्दे पर जीते दिखेंगे सलमान खान। 15 जून, 2020 के तनावपूर्ण बैकग्राउंड पर बेस्ड ये फिल्म 'कोविड-19' महामारी के दौरान गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए वीर संघर्ष की कहानी बयां करती है।



### आलीशान बंगला, लग्जरी गाड़ियां सब बिक गईं

# भारत भूषण को जुनून ने बनाया राजा से रंक!

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री चमक-दमक की दुनिया है। इसने किसी को रंक से राजा बनाया तो कभी राजा बनाकर सबकुछ छीन भी लिया। एक ऐसे ही एक्टर थे भारत भूषण। जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ एक्टर बने। 10 साल के संघर्ष के बाद स्टारडम मिला। जब पैसा, शोहरत सब मिल गया तो एक फैसले ने उन्हें वापस फर्श पर लाकर पटक दिया। आप शायद ही जानते होंगे कि 'आशीर्वाद' बंगला इन्हीं का था, जिसे राजेंद्र कुमार और राजेश खन्ना दोनों ने खरीदा था। और ये बंगाल शापित माना जाता है। कहते हैं कि जैसे ही ये तीनों स्टार्स इस घर में आए, इनका बुरा समय शुरू हो गया। भारत भूषणगुप्ता। जिन्हें भारत भूषण के नाम से जाना गया। 14 जून 1920 में मेरठ, उत्तर प्रदेश में उनका जन्म हुआ, लेकिन परवरिश अलीगढ़ में हुई। उनके पिता रायबहादुर मोतीलाल मेरठ के सरकारी वकील और इलाहाबाद में सुप्रीम कोर्ट के जज थे। भारत का एक बड़ा भाई भी था। जब वो दो साल के थे, तब मां का निधन हो गया। इसके बाद वो अपने नाना के पास अलीगढ़ चले गए थे। वहीं पर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की।*



### एक्टिंग के खिलाफ थे भारत के पिता

भारत के बड़े भाई फिल्म प्रोड्यूसर और हाई कोर्ट जज रमेश चंद्र गुप्ता थे, जिनका लखनऊ में आइडियल स्टूडियो था। पढ़ाई के बाद उन्होंने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक्टिंग शुरू की। सिनेमा में काम करने के लिए पहले वो कोलकाता गए। बाद में मुंबई का रुख किया।

### डेब्यू मूवी

भारत भूषण ने 1941 में सुपरहिट फिल्म 'चित्रलेखा' में छोटा सा किरदार निभाकर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। पर केदार शर्मा की सुपरहिट फिल्म में काम करने के बावजूद उनका कॅरियर आगे नहीं बढ़ पाया। वो उनकी एक और फिल्म 'सुहाग रात' में भी नजर आए थे। पर उनकी बाकी फिल्में कमर्शियली अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाईं।

### 11 साल बाद मिला स्टारडम

साल 1952। विजय भट्ट की 'बैजू बावरा' में वो लीड रोल में नजर आए। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही और भारत भूषण भरोसेमंद स्टार बन गए। इसी साल 'मां' और 'आनंद मठ' जैसी सफल फिल्मों में उनके स्टारडम को मजबूत कर दिया। 1953 में 'लड़की' के साथ एक और ब्लॉकबस्टर दी। ये उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फइल्म थी, जिसमें वैजयंतीमाला, किशोर कुमार और अंजलि देवी थीं।

### 10 साल में 35 फिल्में

1941 में चित्रलेखा फिल्म से शुरुआत की। 1942 से 1950 तक भक्त कबीर, भाईचारा, सुहाग रात, उधार, भाई बहन जैसी फिल्मों में नजर आए। 1951 से 1960 तक, 10 साल में 35 फिल्में कीं, जिनमें बैजू बावरा, मां, आनंद मठ, लड़की, कवि, मिर्जा गालिब, अमानत, कल हमारा है, घूंघट, बरसात की रात जैसी फिल्में शामिल हैं।

### प्रोड्यूसर भी बने

1961 में कोई फिल्म नहीं रिलीज हुई। 1962 से 1980 तक 19 फिल्मों में नजर आएं। अब तक वो स्क्रिप्ट भी लिखने लगे थे और प्रोड्यूसर भी बन गए थे। 1991 में 'सौ करोड़' में उन्होंने पिता का रोल निभाया था, वो भी कैमियो में। उनकी मौत के बाद 1992 और 1993 में हमशक्ल और आखिरी चेतावनी रिलीज हुई थी।

### बेचना पड़ा आशीर्वाद बंगला

भारत भूषण का बॉम्बे के बांद्रा इलाके में एक बंगला था। इसका नाम 'आशीर्वाद बंगला' था। कहते हैं कि भाई के कहने पर भारत भूषण ने जब प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा तो उन्हें बहुत नुकसान हुआ। उनकी सिर्फ दो फिल्में सफल रहीं, बाकी फ्लॉप हो गईं। उन्हें अपना बंगला बेचना पड़ा। इसे उन्होंने राजेंद्र कुमार को बेचा। बाद में राजेंद्र कुमार ने राजेश खन्ना को बेचा था। इस तरह से ये बंगला 3 फेमस फिल्म स्टार्स का घर रहा।

### रामायण में बने तुलसीदास

*भारत भूषण को रामानंद सागर की 'रामायण' में भी देखा गया था। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास का किरदार निभाया था।*

### मेरठ में हुई थी शादी

*पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने मेरठ के जाने-माने परिवार और जमींदार की बेटी सरला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां थीं- अनुराधा और अपराजिता। अनुराधा को पोलियों से जुड़ी दिक्कतें थीं। भारत की पत्नी सरला की 1960 में दूसरे बच्चे को जन्म देते वक्त लेबर कॉम्प्लिकेशन के कारण मौत हो गई।*

### दूसरी शादी

*इसके बाद 1967 में भारत भूषण ने दूसरी शादी की। उन्होंने एक्ट्रेस रत्ना से ब्याह रचाया, जो 'बरसात' में उनकी को-स्टार थीं। भारत की बेटी अपराजिता ने भी फिल्मों में काम किया। पति की अचानक मौत के बाद उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा था। वो रामायण में मंदोदरी बनी थीं।*

## खबर संक्षेप

### भाषण प्रतियोगिता में अमनप्रीत प्रथम

**फतेहाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश कुमार द्वारा तिरंगा फहराया गया। सर्वप्रथम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। इस अवसर पर संस्थान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के छात्रों द्वारा बढ़चढ़ कर भाग लिया तथा देशभक्ति पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस भाषण प्रतियोगिता में अमनप्रीत ने प्रथम, पंकज कुमार ने द्वितीय तथा होशियार सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### मोहम्मद अलियास उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित

**फतेहाबाद।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के डाटा एंट्री ऑपरेटर मोहम्मद अलियास को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्य के लिए मोहम्मद अलियास ने पूर्व विधायक दुड़ाराम, कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप निदेशक अमित पंवार सहित जिला प्रशासन व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का धन्यवाद किया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाने और उसे गर्भवती करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रभदीप निवासी ढाणी चेतनपुर जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस बारे जानकारी देते हुए महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि फतेहाबाद के एक निजी अस्पताल में एक नाबालिग लड़की प्रसव के लिए दाखिल हुई है।

### मोबाइल मार्किट ने लगाया वार्षिक रक्तदान शिविर

**फतेहाबाद।** मोबाइल मार्किट की ओर से दिवंगत युवा अल्फर्ड सरबटा एवं पवन कुमार की स्मृति में दूसरा वार्षिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं ब्लड बैंक की टीम ने सेवाएं प्रदान की। इस दौरान कुल 50 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान दिया।

### पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की हुई बैठक

**फतेहाबाद।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ब्लाक फतेहाबाद की बैठक आज किसान रेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला प्रधान ओमप्रकाश हसंगा ने की। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर जहां विस्तार से चर्चा की गई वहीं ब्लॉक-ए और ब्लॉक-बी की नई कमेटियों का भी गठन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे। यह जानकारी देते हुए जिला प्रधान ओमप्रकाश हसंगा ने बताया कि बैठक के दौरान ब्लॉक ए की नई टीम का गठन किया गया, जिसमें लवी बाठ को प्रधान चुना गया।

### दुकान पर बेहोश हुआ बुजुर्ग अस्पताल ले जाते समय मौत

**फतेहाबाद।** जवाहर चौक में एक दुकान पर आया बुजुर्ग अचानक बेहोश हो गया। बुजुर्ग को तुरंत नागरिक अस्पताल में ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक लाजपत नगर निवासी आत्मप्रकाश के परिजनों ने उपचार में लापरवाही के आरोप लगाए है। परिजनों का कहना है कि एंबुलेंस मौके पर देरी से पहुंची और अस्पताल लाते समय प्राथमिक उपचार नहीं दिया गया। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही से मौत हो गई। आरोप है कि एंबुलेंस करीब 40 मिनट देरी से पहुंची। जब एंबुलेंस पहुंची तो कर्मचारियों ने हाथ नहीं लगाया गया और जब एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया तो रास्ते में ऑक्सीजन नहीं दी गई।

## यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# सप्ताह में पांच दिन काम लागू करने की मांग को लेकर बैंक कर्मियों ने की हड़ताल






**फतेहाबाद।** एसबीआई के बाहर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी। **टोहाना।** बैंकों को लेकर प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी।

### कर्मचारियों ने कहा, 2015 से लंबित चल रही है मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर बैंक कर्मचारियों ने बैंकिंग उद्योग में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को जिलेभर में हड़ताल कर कामकाज ठप रखा। बैंकों में हड़ताल के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। फतेहाबाद में एसबीआई मेन ब्रांच के बाहर बैंक कर्मचारियों ने इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन किया। सभी बैंकों के कर्मचारियों ने देशव्यापी हड़ताल में शामिल होकर नारेबाजी की तथा लघु सचिवालय पहुंचकर कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढ़ालिया को ज्ञापन सौंपा। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन, फतेहाबाद के प्रधान नरेन्द्र लाम्बा ने कहा कि देश भर में बैंकिंग कार्य पूर्णतः ठप रहा। सभी प्रमुख केंद्रों पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन आयोजित किए गए, जिनमें कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्य-जीवन संतुलन, मानवीय कार्य परिस्थितियों तथा पूर्व में हुए समझौतों के पालन की अपनी सामूहिक मांग को मुखर रूप से रखा। उन्होंने कहा कि पांच दिन कार्यदिवस की मांग 2015 से लंबित चल रही है। उस समय सरकार ने दो दिवसीय अवकाश का प्रावधान किया था, लेकिन आज तक उसे लागू नहीं किया गया। भाजपा सरकार को 10 साल हो गए, लेकिन आज तक उनकी मांग को पूरा नहीं किया गया। लाम्बा ने कहा कि पांच-दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग लंबे समय से लंबित और पूरी तरह जायज है। मार्च 2024 में वेतन संशोधन वार्ताओं के दौरान भारतीय बैंक संघ और आरबीआई के बीच इस पर सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। इसके बावजूद आवश्यक सरकारी स्वीकृति और औपचारिक अधिसूचना में अनुचित देरी की जा रही है। जिसके कारण बैंक कर्मचारियों को हड़ताल करने पर विवश होना पड़ा। नरेन्द्र लाम्बा व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि आज हड़ताल करके सरकार को चेताने का काम किया है। अगर 15 दिन के अंदर नेशनल लेवल पर मीटिंग की जाएगी, जिसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी, जिसमें दो दिन की हड़ताल या अन्य कोई निर्णय लिया जाएगा। इस हड़ताल में बैंक कर्मचारी दीपक कुण्डू, अनिल, सतपाल बिश्नोई, कुलदीप ढाका, साहिल रहेजा, चरणजीत सिंह, मांगेराम, विक्रम, पूजा, रिम्पी, भारती, मीना, विनोद रत्ती, ललित, रवि, चन्द्रभान, जगदीप, धर्मवीर, बलकार सहित अनेक कर्मचारी शामिल रहे। वहीं रिटायर्ड कर्मचारी जगदीश मोंगा, भीम सैन बंसल, अशोक बाघला ने भी अपना समर्थन दिया।

#### टोहाना में भी बैंकों में कामकाज रहा ठप

**टोहाना।** सरकारी बैंक कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को एक दिवसीय हड़ताल की। इस दौरान कर्मचारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की मुख्य मांग सप्ताह में पांच दिन का कार्य सप्ताह लागू करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि उनकी यह मांग नहीं मानी गई तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से पीछे नहीं हटेंगे। बैंक कर्मी पूनम और राजीव ने बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय रिजर्व बैंक जैसे सरकारी संस्थानों में पहले से ही पांच दिन का कार्य सप्ताह लागू है। उनकी मांग है कि बैंक कर्मचारियों को भी सप्ताह में दो दिन का अवकाश दिया जाए, ताकि वे अपने परिवार को पर्याप्त समय दे सकें।



**फतेहाबाद।** एसबीडीएस अहरवां में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेते श्रद्धालु।

# शहीद बाबा दीप सिंह के जन्मदिवस पर कीर्तन

### श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहीद बाबा दीप सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, अहरवां में शहीद बाबा दीप सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर अत्यंत श्रद्धा, आस्था एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग विधि-विधान एवं गुरमत मर्यादाओं के अनुरूप सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर शब्द-कीर्तन एवं गुरबाणी गायन का भव्य आयोजन भी किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। इस कार्यक्रम में नर्सिंग महाविद्यालय, वेटरनरी महाविद्यालय एवं शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्षेत्र के विद्वान संत-महापुरुषों, प्रतिष्ठित रागी जत्थों एवं अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। रागी जत्थों द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण गुरबाणी कीर्तन ने उपस्थित संगत को भाव-विभोर कर दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगत ने संस्थान प्रांगण में उपस्थित होकर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्थान प्रबंधन की ओर से चेयरपर्सन शरणजीत कौर, संरक्षक डॉ. विरेन्द्र सिवाच, सचिव हरमीत सिंह एवं डॉ. अनुराधा सिवाच द्वारा अतिथियों, संत-महापुरुषों तथा संगत का स्वागत किया। इसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जिसमें संगत ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। शरणजीत कौर एवं डॉ. विरेन्द्र सिवाच ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे, सेवा तथा सद्भावना की भावना को सुदृढ़ करते हैं तथा युवाओं को नैतिक, संस्कारवान एवं अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कमलदीप सिंह, रमनदीप सिंह, प्राचार्य अनूप संधू, प्राचार्य डॉ. ममता चौधरी, प्राचार्य डॉ. सुधीर खन्ना, कुलजीत कुलडिया, डॉ. ओपी कक्कड़, डॉ. काशीराम, एमएम कॉलेज प्रबंधन समिति से डॉ. राजीव बत्रा, डॉ. सतीश बंसल, डॉ. रमा बंसल, डॉ. अंशुल सहगल, डॉ. रसपाल सिंह, रविकांत गर्ग, डॉ. नीरज कटारिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# आश्रम को 5 लाख देने की घोषणा

### 'सतगुरू कृपा अपना घर आश्रम' पहुंचे डिप्टी स्पीकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** 'सतगुरू कृपा अपना घर आश्रम' पहुंचे डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिढ़ा को सम्मानित करते सेवादार।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिढ़ा डॉ. स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के सानिध्य में नेशनल हाइवे-9 बाईपास फतेहाबाद में संचालित सद्गुरू कृपा अपना घर मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में पहुंचे। आश्रम आगमन पर आश्रम के मुख्य सेवादार विनोद तायल व अशोक भुक्कर ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व नगरपरिषद के पूर्व प्रधान दर्शन नागपाल भी मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण मिढ़ा ने पूरे आश्रम का अवलोकन किया और वहां दी जा रही सेवाओं व सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए श्री कृष्ण प्रणामी गौवंश अनुसंधान संस्थान एवं गौ हॉस्पिटल में उन्होंने सवामणी लगाते हुए हरे चारे का केक काटकर मुख्यमंत्री की दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस पुनीत अवसर पर आश्रम की सेवा भावना से प्रभावित होकर डॉ. कृष्ण मिढ़ा ने 5 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। वास्तव में यहाँ 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के संकल्प को चरितार्थ किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में सद्गुरू कृपा अपना घर आश्रम की ओर से डिप्टी स्पीकर को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नरेन्द्र सिंगला, व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू, अनिल असीजा, सुखदेव कालापीला, सुरेन्द्र मित्तल आदि मौजूद रहे।

### पीपीपी से संबंधित डाटा सत्यापन के लिए 29 व 30 को लगेंगे कैंप

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार के आदेशानुसार परिवार पहचान पत्र योजना से संबंधित विभिन्न सामाजिक पेंशन जिसमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विदुर पेंशन, दिव्यांग पेंशन, अविवाहित पेंशन हैं, के डाटा सत्यापन के लिए 29 व 30 जनवरी को कैंपों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी अनुराग ढालिया ने बताया कि खंड फतेहाबाद के लिए बीडीपीओ कार्यालय फतेहाबाद व शहरी क्षेत्र के नागरिकों के लिए नगर परिषद कार्यालय फतेहाबाद, खंड भट्टू में बीडीपीओ कार्यालय भट्टू कलां, खंड भूना व भूना एमसी के लिए बीडीपीओ कार्यालय भूना, खंड नागपुर के लिए बीडीपीओ कार्यालय नागपुर, खंड टोहाना व टोहाना एमसी के लिए बीडीपीओ कार्यालय टोहाना, खंड रतिया व रतिया एमसी के लिए बीडीपीओ कार्यालय रतिया तथा खंड जाखल व जाखल एमसी के लिए बीडीपीओ कार्यालय जाखल में कैंप आयोजित किए जाएंगे। एडीसी ने क्रीड विभाग के सभी जोनल मैनेजरों को निर्देश दिए है कि वे अपने ब्लॉक व शहरी स्थानीय निकाय में सीपीएलओ की सहायता से पेंशन संबंधित शिकायतों का निपटारा करें।

#### आंधी बारिश से उखड़े सैकड़ों बिजली खंभे, फीडर व ट्रांसफार्मर करवाए जा रहे ठीक

# रिहायशी इलाकों से 33 व 66 केवी की हाइटेंशन लाइनें हटाएंगे: विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश के जिन क्षेत्रों में कालोनियां बस गई हैं और उनके ऊपर से यदि 33 केवी या 66 केवी की बिजली की तारें जा रही हैं तो उनको हटाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा गत दिनों आई तेज हवाओं व बारिश के चलते उखड़े हुए खंभों व प्रभावित हुए फीडर व ट्रांसफार्मरों को ठीक किया जा रहा है। उन्होंने उक्त जानकारी तेजली खेल परिसर में आयोजित जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए दी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मकान के ऊपर से तार जाने के संबंध में यह देखा जाता है कि पहले तार डाली है या पहले मकान बना है। यदि मकान बाद में बना है तो तार हटवाने का एस्टीमेट जमा करवाना पड़ता है। विज ने कहा कि वैसे मैं कहीं पर भी बिजली को रुकने नहीं देता हूं और इस संबंध में मैं खुद इसकी निगरानी रखता हूं।

#### कांग्रेस विदेशी सोच की पार्टी: ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह जीत का कारवां लगातार चलता ही जा रहा है और यह आगे भी चलता ही रहेगा। उन्होंने राहुल गांधी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आने को लेकर कहा कि राहुल गांधी यहां पर प्रशिक्षण देने आए हैं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जानकारी केवल चुनाव हरवाने की है। विदेशी तो कांग्रेस है और कांग्रेस का जन्म एक अंग्रेज अधिकारी 1885 में एओ हयूम ने किया था। अगर राहुल गांधी यह कहते हैं कि वह बाहर चले गए तो तुम भी बाहर चले जाओगे और यहां पर केवल भाजपा का ही राज रहेगा।

# शहर के ज्वलंत मुद्दों पर हुआ मंथन

### नागरिक अधिकार मंच की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** नागरिक अधिकार मंच की बैठक में भाग लेते सदस्यगण।

नागरिक अधिकार मंच की बैठक पटवार भवन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पृथ्वी सिंह बाना, सेवानिवृत्त वेटनरी डॉक्टर ने की, जबकि संचालन मंच के संयोजक राजीव सेतिया ने किया। बैठक में शहर की विभिन्न कॉलोनियों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, सीवरेज व्यवस्था, वर्षा जल निकासी सहित अनेक मूलभूत नागरिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से वर्ष 2021 में स्थानीय निकाय क्षेत्र में शामिल हुई हंस कॉलोनी, आजाद नगर, स्वामी नगर, हरनाम कॉलोनी, कालिदास कॉलोनी आदि क्षेत्रों में सीवरेज सुविधा के अभाव तथा गरीब बस्तियों के निवासियों पर लगाए गए अनुचित एवं अत्यधिक विकास शुल्क पर गहरी चिंता व्यक्त की गई।

#### सुविधाओं की हो रही अनदेखी

बैठक में नगर परिषद की कार्यप्रणाली को जनविरोधी बताते हुए कहा गया कि मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी आम नागरिकों के साथ अन्याय है। इन सभी मुद्दों को लेकर नागरिक अधिकार मंच द्वारा प्रशासन से शीघ्र मुलाकात करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सह-संयोजक दुष्यंत शर्मा, पार्षद मोहनलाल नारंग, पार्षद प्रतिनिधि योगी हंसराज, सतीश कुमार जिलेदार, भगवत सिंह सेठी, डॉ. राजबहादुर यादव, हरिकिशन कंबोज, ब्लॉक प्रधान, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, कर्मचारी नेता सुभाष चौहान आदि मौजूद रहे।

### जाखल में दुकान से चोरी करने वाले दो आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** दुकान में चोरी करने के मामले में जाखल पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान अजय पुत्र मजनू व कुलदीप पुत्र बंटी कुमार, धानक मोहल्ला, सिलाई सेंटर एरिया, बुडलाढा के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से 3 हजार की नकदी बरामद की गईहै। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि शिकायतकर्ता शोभित कुमार पुत्र दर्शन बांसल निवासी नई बस्ती, जाखल ने बताया कि वह अपनी तंबाकू की दुकान को 23 जनवरी को बंद करके घर चला गया था।

### पुलिस पर टॉर्चर के आरोप लगाने वाले परिजन पूर्व विधायक के हस्तक्षेप पर माने, किया अंतिम संस्कार

**फतेहाबाद।** जिले के गांव ढाणी माजरा निवासी एक युवक द्वारा रविवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने के मामले में आखिरकार मंगलवार को मृतक का फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया। युवक के परिजन एक पुलिस कर्मचारी पर टॉर्चर करने का आरोप लगाते हुए उस पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर परिजनों ने पहले युवक का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया था। इस मामले में पूर्व विधायक दुड़ाराम के हस्तक्षेप के बाद परिजन पोस्टमार्टम को राजी हुए। इस मामले में परिजनों का प्रतिनिधिमंडल 3 दिन बाद एसपी से मुलाकात करेगा। ांव ढाणी माजरा निवासी सोमबीर मांजू ने बताया कि उसके छोटे भाई सीताराम मांजू ने रविवार को जहर निगल लिया। वह घर के बाहर गली में बेहोशी की हालत में मिला था। इसके बाद उसे फतेहाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिसकर्मी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया था। सीताराम के चचेरे भाई रणसिंह ने बताया कि इस मामले में मंगलवार को पूर्व विधायक दुड़ाराम ने एसपी सिद्धांत जैन से बात की। इसके बाद परिजन व पुलिस के अधिकारी पूर्व विधायक के कार्यालय में पहुंचे और दोनों पक्षों में बातचीत हुई। एसपी ने भी मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। तीन बाद परिजनों का प्रतिनिधिमंडल एसपी से मुलाकात करेगा। पूर्व विधायक के आश्वासन के बाद परिजन पोस्टमार्टम व अंतिम संस्कार को राजी हुए और गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर फतेहाबाद पुलिस के 8 जांबाज सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में पुलिस विभाग के 8 अधिकारियों व कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्णलाल मिड्ढा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए इन पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन के मार्गदर्शन में इन अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण, नशामुक्ति, यातायात प्रबंधन और प्रशासनिक कार्यों में जिला स्तर पर सराहनीय परिणाम दिए हैं। कार्यक्रम में डीएसपी कुलवन्त सिंह को जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा संगीन मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। पीएसआई रजत कुमार ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरों के बीच अपनी तकनीकी दक्षता, सतर्कता और वैज्ञानिक जांच पद्धति का परिचय देते हुए कहा कि देते हुए जटिल साइबर मामलों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उप निरीक्षक जयसिंह व ई. मुख्य सिपाही राजेन्द्र को जिले की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने पर सम्मानित किया गया।

#### शहीद भगत सिंह स्टेडियम में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# खेलकूद से नेतृत्व क्षमता का होता है विकास: दर्शना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** प्रतियोगिता में भाग लेती महिलाएं।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शहीद भगत सिंह स्टेडियम में सिरसा खंड की खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डा. दर्शना सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देता है। महिला एवं बाल विकास विभाग महिलाओं एवं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है तथा इस प्रकार की गतिविधियां उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी खेल गतिविधियों से जुड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से महिलाओं को अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का अवसर मिलता है।

#### ये रहे विजेता

100 मीटर दौड़ में प्रोमिला प्रथम, मीनू द्वितीय तथा सुनीता तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार 300 मीटर में सपना प्रथम, डिंपल द्वितीय तथा रजनदीप तृतीय स्थान पर रही, 400 मीटर की दौड़ में सुशीला प्रथम, प्रियंका द्वितीय और स्नेहा तृतीय स्थान पर रही। साइकलिंग प्रतियोगिता में ख्याति प्रथम, दीपशिखा द्वितीय और किरण तृतीय स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में रजनी प्रथम, बरखा द्वितीय तथा निशा तृतीय स्थान पर रही। म्यूजिकल चेयर में शोभा प्रथम, रामा रानी द्वितीय तथा लिछमा तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 2100 रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 1100 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 750 रुपये की राशि प्रदान की गई।

**परेड का निरीक्षण करते डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा**



**विजेता टीम को सम्मानित करते डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा**



**डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा को सम्मानित करते अधिकारी**



# भारत दुनिया में एक बड़ी ताकत के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहा : कृष्ण

## फतेहाबाद में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह, डिप्टी स्पीकर ने फहराया तिरंगा

■ समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा पीटी शो, डंबल शो तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




फतेहाबाद। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस लाइन ग्राउंड फतेहाबाद में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए तिरंगा फहराया। समारोह से पहले डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने शहीदी स्मारक पर पहुंचकर देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला स्तरीय समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन व कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया के साथ परेड का निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने पुलिस के जवानों, एनसीसी कैडेट्स एवं स्काउट्स की टुकडिय़ों की सलामी ली। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा पीटी शो, डंबल शो तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनकी दर्शकों ने खूब सराहना की। इसके साथ ही उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मान प्रदान किया गया।

### परेड में पुरुष पुलिस टुकड़ी रही प्रथम

डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही भारत दुनिया में एक बड़ी ताकत के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहा है। यह उपलब्धि हमारे राजनेताओं, कर्मठ किसान-मजदूरों, कारीगरों और वैज्ञानिकों के सतत परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चहुंमुखी प्रगति कर रहा है तथा चंद्रयान, सूर्य-यान और मंगलयान जैसे मिशनों से भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छुआ है। समारोह के अंत में झांकियों में जन स्वास्थ्य विभाग ने प्रथम स्थान, आयुष विभाग व शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं परेड में पुरुष पुलिस टुकड़ी प्रथम, महिला पुलिस टुकड़ी द्वितीय तथा सैनिक स्कूल बॉय विंग खारा खेड़ी तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन संयुक्त रूप से कार्यालय अधीक्षक राज कुमार व शिक्षक रमेश कुमार ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दुड़ाराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल, एडीजे अमित गर्ग, नवेंद्र जैन, सीजेएम गायत्री, एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, जिप सीईओ सुरेश कुमार, आरटीए संजय बिश्नोई, अशोक जाखड़, नप उपाध्यक्ष सविता टूटेजा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बीजेपी जिला कार्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस, जिलाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण




फतेहाबाद। बीजेपी कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराते जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।

■ स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता

फतेहाबाद। बीजेपी जिला कार्यालय में देश का 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साहपूर्ण एवं गरिमामयी ढंग से मनाया गया। जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रगान की धुन पर सभी ने तिरंगे को सलामी दी। प्रवीण जोड़ा ने जोशीले अंदाज में देश की गणतंत्रता एवं स्वतंत्रता पर गर्व अनुभव करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हीं के संघर्ष और त्याग के कारण आज हम स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और हर वर्ग के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का भारत विश्व मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। देश की सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और सामाजिक समरसता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संविधान में निहित मूल्यों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र सेवा को अपना संकल्प बनाए। इस अवसर पर महामंत्री अशोक जाखड़, सविता टुटेजा, विक्रम शर्मा, पूनम सिंगला, राममेहर धारसूल, डा. सुमन बजाज, रामकुमार मेहरा, सुरेन्द्र बिश्नोई, राधेश्याम झाझड़ा, विक्रम राठी, अमृतपाल खुम्बर, प्रवीण चंदेल, भूप सिघड़, जगदीश नायक, सुल्तान नायक, राजकुमार सूरा, रमन सरोहा, निलांशी शर्मा, भारती सचदेवा, सुषमा सेठी, हंसराज सचदेवा, रामचन्द्र रेल्हन, सोनू कालवां, विजय कुमार, सोनू वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पायनियर कॉन्वेंट स्कूल ने गणतंत्र दिवस पर दी भव्य प्रस्तुतियां



फतेहाबाद। पायनियर कॉन्वेंट स्कूल, फतेहाबाद ने पुलिस लाइन, फतेहाबाद में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में अपनी शानदार सांस्कृतिक एवं डम्बल ड्रिल प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत डम्बल ड्रिल में अनुशासन, एकरूपता एवं शारीरिक दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। वहीं विद्यालय की छात्राओं ने पंजाबी गिद्धा नृत्य की सशक्त एवं ऊर्जावान प्रस्तुति देकर अपनी मनमोहक भाव-भंगिमाओं तथा सुंदर पारंपरिक वेशभूषा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए विद्यालय को विस डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा द्वारा सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक विजय निरमोही एवं प्रधानाचार्या गीतिका मेहता ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए देश की एकता, अखंडता एवं प्रगति की कामना की।

## आदर्श स्कूल दरियापुर में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस




फतेहाबाद। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आदर्श स्कूल, दरियापुर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल प्रबंधन द्वारा ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां पेश की गई। विभिन्न कक्षाओं द्वारा इस अवसर पर कविता, नृत्य, भाषण, व अन्य प्रस्तुतियों द्वारा विद्यार्थियों ने अपने देश व स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति अपने भाव व्यक्त किए। स्कूल के एमडी दर्शन मैहता, चेयरपर्सन अंजलि मैहता द्वारा सबको गणतंत्र दिवस की बधाई दी गई व संदेश दिया गया कि हमें भी सदैव देश सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। स्कूल प्रिंसिपल सीमा कोचर व निदेशक साहिल मैहता द्वारा संदेश दिया गया कि इस दिन हमारे देश का संविधान लागू हुआ था और हमारा कर्तव्य बनता है कि संविधान में दिए गए कर्तव्यों व अधिकारों की हम अनुपालना करे।इस कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण के साथ हुआ।

## गणतंत्र दिवस समारोह, विधायक रणधीर पनिहार ने ध्वज फहराकर ली परेड की सलामी

टोहाना। उपमंडलीय परिसर टोहाना में गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। पीएसआई उमेद सिंह के नेतृत्व में विभिन्न टुकडिय़ों ने शानदार मार्च पास्ट किया तथा राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए मंच के सामने से गुजरी। मुख्य अतिथि ने समारोह के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों व शहीद परिवारों को सम्मानित भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक रणधीर पनिहार ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदानों से ही देश को गणतंत्र दिवस मनाने का गौरव प्राप्त हुआ है।



## आर्य समाज में हवन-यज्ञ के साथ मनाया गणतंत्र दिवस, एकता और अखंडता का लिया संकल्प




फतेहाबाद। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आर्य समाज फतेहाबाद द्वारा सुंदर नगर स्थित आर्य समाज भवन के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वैदिक रीति-रिवाजों के साथ यज्ञ-सत्संग हुआ और तिरंगा फहराकर राष्ट्र को नमन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र हवन-यज्ञ से हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा पुरोहित दीपक शास्त्री ने संगठन सूक्त के मंत्रों के साथ आहुतियां डलवाई। इस दौरान वातावरण भक्ति और राष्ट्रभक्ति के संगम से सराबोर हो गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुरोहित दीपक शास्त्री ने कहा, आज का दिन हमें अपनी एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने के संकल्प की याद दिलाता है।

## बीएड कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह, एनएसएस कैम्प का हुआ शुभारंभ

फतेहाबाद। एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में गणतंत्र दिवस का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस पावन अवसर पर कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण मुख्य अतिथि डॉ. उषा दहिया के कर-कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. जनक रानी ने की। वाइस प्रिंसिपल ने इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। गणतंत्र दिवस समारोह के साथ-साथ इसी दिन कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का भी विधिवत शुभारंभ भी किया गया। एनएसएस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, सेवा भावना, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करना है।



## गणतंत्र दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की जागरूकता ड्राइव

सिरसा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता परेड का आयोजन किया गया। प्राधिकरण द्वारा यह जागरूकता परेड डैफोडिल स्कूल, सिरसा के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें टेबल्यू के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नालसा का थीम सॉन्ग 'हक हमारा भी तो है' प्रस्तुत किया गया। गणतंत्र दिवस की परेड में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की थीम 'न्याय सबके लिए' रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि परेड में हेल्प डेस्क के माध्यम से आमजन को नालसा की स्कीम 'वीर परिवार सहायता योजना-2025' तथा निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी का प्रदर्शन किया गया। उत्कृष्ट प्रस्तुति और प्रभावी जन जागरूकता के लिए गणतंत्र दिवस की परेड में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिरसा को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



## सिरसा में मंत्री विपुल गोयल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

# देश दुनिया में बड़ी ताकत के रूप में उभरा: विपुल गोयल

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस







सिरसा। जिला में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित हुआ, जिसमें राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्यातिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। इससे पहले मुख्यातिथि ने लघु सचिवालय स्थित शहीद स्मारक व स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पर अमर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा उपमंडल डबवाली, कालांवाली व ऐलनाबाद में उपमंडल स्तरीय व अन्य जगहों पर गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थानों में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मुख्यातिथि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि आज ही के दिन 76 वर्ष पहले सन 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता के मौलिक अधिकार दिए। इसी दिन भारत विश्व का सबसे बड़ा संप्रभुता सम्पन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही भारत दुनिया में एक बड़ी ताकत के तौर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहा है। इसका श्रेय हमारे उन राजनेताओं, कर्मठ किसान-मजदूरों, कारीगरों तथा वैज्ञानिकों को जाता है जिन्होंने दिन-रात एक करके इस देश को विकास की गति प्रदान की। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चहुंमुखी प्रगति कर रहा है। हर गरीब के सिर पर छत मुहैया करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण तथा शहरी योजना के तहत 98,860 मकान दिए हैं, जबकि 49,670 मकान निर्माणाधीन हैं।

### अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया को पद्मश्री मिलने पर दी बधाई

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा सिरसा की बेटी, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया गया है। यह सम्मान उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण का परिणाम है। सविता पूनिया आज देश की लाखों बेटियों के लिए प्रेरणा हैं।